# खाई में गिरी मजदूरों से भरी पिकअप एक की मौत,20 घायल

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** लावाघोघरी के बंजारी घाट में मंगलवार की शाम मजदूरों से भरे पिकअप वाहन के खाई में गिरने से 20 मजदूर घायल हो गए थे, इनमें से एक महिला की मौत हो गई थी सभी घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया था। बुधवार को सांसद बंटी विवेक साहू जैसे ही बेंगलुरु से छिंदवाड़ा पहुंचे सीधे जिला अस्पताल गए और उन्होंने घायल मरीजों का हाल-चाल जाना और सभी के परिजनों को ढांढस बंधाया और संकट की घड़ी में उनके साथ खड़े होने के लिए कहा। सासंद ने एक मृतक महिला रूनी पति मेहतराम निवासी ग्राम राजोला माल के परिजन को 20 हजार की सहायता और 5 अन्य गंभीर घायलों में जमुना पिता फ्लक राम राजोलामाल, जूना पति सुखदेव राजोला रैयत, सुख सुक्को पति बूंदी बड़गोना, अर्जुन पिता शंकर ग्राम बामला, मनकलाल पिता झमर निवासी बड़गोना को 10-10 हजार की राशि के चेक वितरित किए। सांसद हर मरीज से मिले और उनके इलाज को लेकर चर्चा की मौके पर मौजूद डीन अभय कुमार वर्मा, सिविल सर्जन नरेश गोडांने को घायलों का उचित इलाज करने के निर्देश दिए ।

सांसद के साथ पूर्व विधायक नथन शाह, वरिष्ठ भाजपा नेता राजू नरोटे, अरविंद राजपूत, रोहित पोफ्ली, दुर्गेश नरोटे, गोपी ठाकुर और अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित थे। बता दें कि जिले में



## मृतक के परिवार को 20 हजार और घायलों को सांसद के हस्ते दिए गए 10-10 हजार रूपये के चेक

नियमों को ताक पर रखकर यात्री बसों और छोटी गाड़ियों का संचालन हो रहा है। यात्री बसों और गामा जैसी गाड़ियों में ऊपर से लेकर अंदर तक सवारियों को भरकर ओवरलोडिंग चलाया जा रहा है। खास तौर पर ग्रामीण अंचल में जहां रोकने और टोकने वाला कोई नहीं होता है।

ऐसा ही कल रात बैतूल रोड पर बंजारी माई के समीप हुआ और एक महिला को जान गंवानी पड़ी। महज कुछ रूपए अधिक कमाने के चक्कर में गामा और कंमाडर में ओवर लोड किया जा रहा है और इस चक्कर में ही वाहन खाई में गिर गया।

ओवरलोड और कंडम बसों, यात्री वाहनों में यात्रा करना मौत को बुलावा देने जैसा है। लेकिन फिर भी प्रशासन कार्रवाई करने से खामोश है। लिहाजा जिले में परिवहन नियम की धज्जियां उड़ाई जा रही है। बताते चलें कि जिले भर में करीब 1000 से ज्यादा छोटी-बड़ी सवारी वाहनों का परिचालन रोजाना होता है। जिसमें से अधिकांश वाहनों में क्षमता से अधिक सवारियों को ढोया जाता है। तामिया अंचल में चलने वाले गामा वाहनों में ओवरलोडिंग साफ देख सकते हैं। तामिया, देलाखारी, छिंदी, लोटिया, चावलपानी सहित इस तरफ तमाम जगहों में जाने वाली यात्री गाडिों में क्षमता से अधिक सवारियों को बैठाते देखा गया। यहीं नहीं कई बार बस की छतों पर यात्रियों को सामान के तरह लादकर गाडियों को रवाना होते देखा जा सकता है।

बैतूल रोड पर मंगलवार को बड़ा सड़क हादसा हुआ, लेकिन इस हादसे से न तो बस आपरेटरों, गामा सरीखी गाडिड़ों ने सबक लिया और ना ही परिवहन विभाग सख्त हुआ। बुधवार को कोई खास चैकिंग इस रूट पर नहीं दिखाई दी। किसी भी यात्री बस को परमिट एक तय मानक के तहत दिया जाता है। परमिट पर ही सिटिंग क्षमता तय होती है। उसके अनुसार ही यात्री बसों का संचालन करना होता है।

सार समाचार

## पाण्ढुर्णा जिला बना पर पुलिस कर्मचारियों को बैच नम्बर की अभी भी प्रतीक्षा

**शुभम नांदेकर**

**पांढुर्णा, देशबन्धु।** पांढुर्णा को जिला बने डेढ़ वर्ष बीत चुका है, लेकिन पुलिस कर्मचारियों को अभी तक जिला बेच नंबर आवंटित नहीं हुआ है। आमतौर पर नए जिलों को पुलिस मुख्यालय पी.एच.क्यू. से जिला बनने के तुरंत बाद ही बेच नंबर दिया जाता है। यह नंबर संबंधित जिले की पुलिस इकाई की पहचान को दर्शाता है। लेकिन पांढुर्णा जिले के कर्मचारियों को आज भी पुराने जिले से संबंधित बेच नंबर का उपयोग करना पड़ रहा है।



### जिला यूनिट बेच नंबर की प्रक्रिया ठप्प

नए जिले के पुलिस कर्मचारियों को जिला यूनिट से शुरू होने वाला नया बेच नंबर दिया जाना चाहिए, जो उनके जिले की विशिष्ट पहचान को दर्शाता है। लेकिन पांढुर्णा जिले में पदस्थापित कर्मचारियों को स्थानांतरण के बाद भी उनके पुराने जिले का बेच नंबर ही जारी रखा गया है। इस देरी ने प्रशासनिक प्रक्रियाओं पर सवाल खड़े कर दिए हैं।

### पूर्व मुख्यमंत्री के सपने पर धीमी कार्यवाही

पांढुर्णा जिला पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की पहल का परिणाम था। यह क्षेत्र विकास और प्रशासनिक सुधार की अपेक्षाओं के साथ जिले के रूप में घोषित हुआ था। हालांकि वर्तमान सरकार और मुख्यमंत्री मोहन यादव की उदासीनता स्पष्ट रूप से दिखाई देती है। डेढ़ वर्ष बाद भी बुनियादी प्रशासनिक संरचनाओं का अभाव सरकार की प्राथमिकताओं पर सवाल उठाता है।

### प्रभारी मंत्री की उदासीनता से नाराजगी

पांढुर्णा जिले के प्रभारी मंत्री प्रद्युमन सिंह तोमर पर भी ध्यान न देने का आरोप लगाया जा रहा है। जिले के विकास और प्रशासनिक सुधार के लिए उनके प्रयास नगण्य माने जा रहे हैं। पुलिस विभाग के कर्मचारियों को बेच नंबर नहीं मिलने जैसी समस्याएं, जिले के प्रशासनिक विकास की धीमी गति को उजागर करती हैं।

### जिला बल आवंटन का अभाव

पुलिस बल की पहचान और प्रशासनिक कार्यों की दक्षता के लिए जिला बल आवंटन आवश्यक है। पांढुर्णा जिले में इसे लागू न करना सरकार की प्राथमिकताओं की कमी को दर्शाता है। जब अन्य नए जिलों में यह प्रक्रिया समय पर पूरी हो जाती हैए तो पांढुर्णा जैसे जिले में इस प्रकार की अनदेखी चिंता का विषय बनती है।

### सरकार से अपेक्षाएं और स्थानीय आवाज़ें

स्थानीय नागरिक और पुलिस विभाग के कर्मचारी सरकार से इस समस्या का जल्द समाधान चाहते हैं। उन्हें उम्मीद है कि मध्यप्रदेश शासन इस मुद्दे पर जल्द ध्यान देगा और जिले को पूर्ण रूप से कार्यात्मक बनाने के लिए आवश्यक कदम उठाएगा। चूंकि पाण्ढुर्णा जिला महाराष्ट्र सीमा से लगा हुआ है जहां न केवल अपराध काफी होते है अपितु अंतर्राज्यीय गिरोह भी कभी कभी अंजाम देता है पाण्ढुर्णा में कई बार बड़ी डकैतियां भी हो चुकी है। ऐसी स्थिति में पाण्ढुर्णा में पुलिस बल बढ़ाने के साथ साथ पुलिस को आधुनिक सुविधाओं से लेस करना आवश्यक है तभी जिला पूर्ण रूप से सक्षम हो पाएगा।

### इनका कहना है

पांढुर्णा एस.पी. कार्यालय से इस विषय पर पुलिस मुख्यालय से पत्राचार किया गया है साथ ही पुलिस बल की मांग भी की गई है। अब पुलिस मुख्यालय से आदेश आने के बाद होंगा।

**सुन्दरसिंह कनेश**
**जिला पुलिस अधीक्षक पांढुर्णा**

## नवागत एसपी अजय पाण्डे ने संभाला कार्यभार, साइबर फ्राड पर रहेगा पुलिस का फोकस

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** नवागत पुलिस अधीक्षक अजय पांडे ने बुधवार को पुलिस अधीक्षक छिंदवाड़ा का कार्यभार ग्रहण कर लिया है। उन्होंने पदभार ग्रहण करने के बाद पुलिस पत्रकारों से चर्चा की। चर्चा के दौरान उन्होंने कहा की वर्तमान में पुलिस के पास रोज नए चेलेंजस आते हैं। क्राइम करने की तरीका भी बदल रहा है। ये जरूरी नही है कि जो क्राइम शहर में होते हैं वो गांव देहात में न हो या जो क्राइम बड़े शहरों में हो रहे हैं वो छोटे शहरों में न हों। आजकल आरोपियों के द्वारा टेक्नोलॉजी का मिसयूज हो रहा है। साइबर फ्रॉड बहुत ज्यादा बढ़ चुके हैं, उन सभी पर जिला पुलिस का फोकस रहेगा, और प्रयास करेंगे की टेक्नोलॉजी का सही से सही उपयोग करें। ट्रेडिशनल पुलिसिंग पर तवज्जो देते हुए नवागत एस.पी. ने कहा कि पुलिस का मूलभूत जो भी काम है, जैसे लॉयन ऑर्डर मादक पदार्थों पर लगातार कार्यवाही, जनता में संवाद बनाए रखने, के लेकर अन्य प्रयास किए जाएंगे। एस.पी. पांडे ने कहा कि छिंदवाड़ा शांतिप्रिय जिला है लेकिन लायन आर्डर बिगड़ने में समय नहीं लगता है। इसलिए छिंदवाड़ा पुलिस हमेशा सतर्क रहेगी।



## स्काउट गाईड के शिविर में बच्चों का होता है सर्वांगीण विकास : विजया शेषराव



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** भारत स्काउट एवं गाइड जिला संघ छिन्दवाडा वार्षिक कार्यक्रमानुसार जिला स्तरीय द्वितीय सोपान शिविर का अयोजन जिला शिक्षा अधिकारी गोपाल सिंह बघेल एवं सतेन्द्र सिंह मरकाम सहायक आयुक्त जनजातिय कार्य विभाग के निर्देशानुसार पाँच दिवसीय तृतीय सोपान जांच शिविर का अयोजन अयोजन 16 से 20 नवंबर 24 तक स्काउट गाइड प्रशिक्षण केन्द्र डाईट परिसर छिन्दवाड़ा में किया गया था। शिविर के समापन के अवसर पर मुख्य अतिथि गोपाल सिंह बघेल जिला शिक्षा अधिकारी छिन्दवाडा, पी.एल. मेश्राम सहायक संचालक शिक्षा, कार्यक्रम की अध्यक्षता भारत स्काउट एवं गाइड जिला संघ अध्यक्ष विनोद तिवारी ने की। विशेष अतिथि के रूप में जिला उपाध्यक्ष विजया शेषराव यादव, मंजु साव, अखिलेश चौहान, मनोज आरपुरे, किशोर मगरुरकर प्राचार्य सुकलुढाना एवं विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी छिन्दवाडा असरफ अली की उपस्थिति में सम्पन्न कराया गया।

सर्व प्रथम उपस्थित अधिकारियों एवं पदाधिकारियों को स्काउटिंग पराम्परा अनुसार स्कार्फ बागल लगाकर स्वागत किया गया तत्पश्चात ग्राण्ड कैम्प फायर का शुभारंभ किया किया जिसमें शिविर में उपस्थित स्काउट गाइड के द्वारा रगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया।

उक्त शिविर में छिन्दवाडा जिले से 161 स्काउट गाइड एवं 10 प्रभारी स्काउटर गाइडर की प्रतिभागिता रही कुल 171 की प्रतिभागिता रही सहायक संचालक मेश्राम के द्वारा उपस्थित इतनी संख्या में स्काउट गाइड को द्वितीय सोपान उत्तीण होकर संभाग स्तरीय शिविर हेतु बधाई दी जिला संघ अध्यक्ष विनोद तिवारी ने कहा कि जिले में स्काउट गाइड संस्था एक नेक कार्य कर रही है साथ ही अधिक से अधिक संस्थाओं में स्काउट गाइड स्काउट गतिविधियों संचालित हो सभी विद्यालयों की प्रतिभागिता हो अधिक से अधिक छात्र /छात्राओं को शिविर में आने का लाभ मिलना चाहिये। स्काउटिंग जीवन जिने की कला सिखाई जाती है कैसे कम संसाधन में हम जीवन जी सकते है। विजया शेषराव यादव ने कहा की स्काउट गाइड के शिविर में बच्चो का होता है सर्वांगीण विकास है शिविर के सफल संचालन के लिए सभी संचालक मंडल को मैं बधाई देती हूं। इस अवसर पर सभी अतिथियों ने बच्चो को मार्गदर्शन दिया। शिविर के दौरान स्काउट गाइड का प्रवेश, प्रथम सोपान एवं द्वितीय सोपान द्वितीय सोपान तक के पाठकम का टेस्ट लिया जा रहा है जिसमें स्काउटिंग का इतिहास, नियम, प्रतिज्ञा, झण्डा गीत, ध्वज शिष्टाचार, प्रथमिक सहायता, कम्पास, दिशा ज्ञान, फस्टेण्ड, कुकिंग आदि विषयों का टेस्ट लिया गया।

## भाजपा शासन के खिलाफ सड़क पर कांग्रेस



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** केन्द्र व राज्य की भाजपा सरकार में तीसरे इंजिन के जुड़ते ही परासिया विधानसभा क्षेत्र के साथ ही सम्पूर्ण जिले में अवैध कारोबार, गुंडागर्दी, बेशकीमती जमीनों पर कब्जा, आदिवासी वर्ग की जमीनों की नियम विरूद्ध खरीद फरोख्त से लेकर अवैध वसूली व कांग्रेस कार्यकर्ताओं पर फर्जी पुलिस प्रकरण दर्ज किये जाने की रफ्तार अब दोगुनी से चौगुनी हो चुकी है। समय के साथ इसकी गति बढ़ती जा रही है।

परासिया विधानसभा में संचालित अवैध धंधों, गुंडागर्दी व कांग्रेस के कार्यकर्ताओं पर पुलिस भाजपा के दबाव में फर्जी आपराधिक प्रकरण पंजीबद्ध कर उन्हें प्रताड़ित कर रही। वर्षो से परासिया विधानसभा क्षेत्र की शांति व्यवस्था व सामाजिक ताने-बाने को छिन्न-भिन्न किया जा रहा है। विधानसभा क्षेत्र में बढ़ती आसामाजिक गतिविधियों के साथ ही बढ़ती आपराधिक घटनों सहित अन्य ज्वलंत विषयों को लेकर आज कांग्रेस ने परासिया विधानसभा क्षेत्र के थाना परासिया, थाना चांदामेटा, बड़कुही पुलिस चौकी, अम्बाड़ा पुलिस चौकी, न्यूटन पुलिस चौकी, रावनवाड़ा थाना, पुलिस चौकी न्यूटन व शिवपुरी पुलिस थाना पहुंचकर अपनी मांगों का ज्ञापन सौंपा।

कांग्रेस ने पुलिस पुलिस थानों व चौकियों के सामने धरना प्रदर्शन कर भाजपा के दबाव में काम करने का विरोध जताते हुये जमकर नारेबाजी की। ज्ञापन प्रस्तुत करते समय कांग्रेस ने पुलिस अधिकारियों से मांग की कि अविलम्ब कांग्रेस कार्यकर्ताओं पर फर्जी पुलिस प्रकरण दर्ज करना बंद करें। भाजपा के दबाव में पुलिस व प्रशासन अवैध धंधों व गुंडागर्दी करने वालों को जो संरक्षण दे रही है उसे तत्काल बंद करें। कांग्रेस ने जनप्रतिनिधियों व कार्यकर्ताओं ने खुली चेतावनी देते हुये कहा कि पुलिस को चेताने के लिये यह ज्ञापन शांतिपूर्ण तरीके से प्रस्तुत किया गया है। अगर मांगों पर तत्काल अमल नहीं किया जाता है तो कांग्रेस उग्र आंदोलन करेगी जिसकी सम्पूर्ण जवाबदारी पुलिस और प्रशासन की होगी।

ज्ञापन प्रस्तुत करते समय परासिया विधायक सोहन वाल्मीक, जिला कांग्रेस कार्यकारी अध्यक्ष गोविंद राय, विधानसभा प्रभारी राजीव तिवारी, ब्लॉक अध्यक्ष कमल राय, समन्वयक बसंत मालवीय, कार्यकारी अध्यक्ष हरिप्रसाद गुड्डा, गगन खंडूजा, विधानसभा युवक कांग्रेस अध्यक्ष राजा दुबे, युकां ब्लॉक अध्यक्ष मुकुल दुबे, नगर कांग्रेस कमेटी परासिया अध्यक्ष वीर बहादुर, ब्लॉक महिला कांग्रेस अध्यक्ष प्रतिभा सोनी, नगर महिला कांग्रेस अध्यक्ष सावित्री वर्मा, गोविंद बिजौलिया, अमजद खान, अनुपमा राय, राजेश डेहरिया, संतलाल यादव, मोहम्मद शकील, अलाउद्दीन खान, देवेन्द्र राय, निलोफर खान, अंजलि श्रीवास्तव, मीना उइके, प्रतिभा बैस, अखलालक सिद्दीकी, ईदू भाई, शैफ खान, पप्पू यादव, राघव मानकर, आनंद यदुवंशी, मट्टू साहू आदि

## धनवंतरी के पूजन के बाद नि:शुल्क स्वास्थ्य नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का शुभारंभ

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** स्वास्थ्य शिविर की अध्यक्ष डॉ रश्मि नेमा के हस्ते भगवान धनवंतरि का पूजन कर हुआ नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का शुभारंभ। इस शिविर में नेमा क्षारसूत्र संस्थान द्वारा 218 व्यक्तियों की नि:शुल्क जांच कर उन्हें नि:शुल्क औषधि का वितरण किया गया। सभी अतिथि को औषधीय पौधों एवम औषधि पौधों के बीज का वितरण भी किया।

डॉ. रश्मि नेमा, एम.एस. प्रसूति एवं स्त्री रोग, एन.आई.ए. जयपुर द्वारा बताया गया की विश्व पाइल्स दिवस मनाने का उद्देश्य आम नागरिकों को अधिकाधिक इस बीमारी के बारे में जागरूक करना जिससे कि उनका डर दूर हो सके तथा उचित निदान कर उसका इलाज किया जा सके। हर साल 20 नवंबर को वर्ल्ड पाइल्स डे मनाया जाता है। देश में हर साल 10 मिलियन लोग हो रहे पाइल्स की समस्या से पीड़ित विश्व में कुल जनसंख्या की 4.5 फीसदी लोगों को पाइल्स के लक्षण दिखाई देते हैं तथा 10 मिलियन लोग भारत में प्रतिवर्ष पाइल्स की समस्या से पीड़ित हैं। आमतौर पर लोग गुदा मार्ग से होने वाली सभी बीमारियों को बवासीर मानते हैं लेकिन वास्तव में कई प्रकार की बीमारियों में एक जैसे लक्षण खून का आना, दर्द होना, कब्ज आदि होते हैं। पाइल्स से लेकर कैंसर तक बीमारियों में एक जैसे लक्षण हो सकते हैं।



# ज्ञान को प्रदर्शित करने की कला सीखते हैं रंगमंच से : सचिन वर्मा



## नाट्य कर्मियों की कार्यशाला संपन्न

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** कोई भी डिग्री आपको किसी अवसर के लिए सिर्फ पात्र बनाती है। पर आपका ज्ञान ही आपको सफलता दिलवाता है। लेकिन सिर्फ ज्ञान होना काफी नहीं है यदि आपको अपने ज्ञान को प्रदर्शित करते नहीं आता तो आप सफल नहीं होते क्योंकि सिर्फ ज्ञान होने भर से सफलता नहीं मिलती। अपने ज्ञान को सभी के समक्ष प्रस्तुत करने की कला आप रंगमंच से सीखते हैं इसीलिए प्रत्येक विद्यार्थी को अपने व्यक्तित्व विकास के लिए रंगमंच से अवश्य जुड़ना चाहिए। उक्त विचार जिले के रंगकर्मी और नाट्य निर्देशन सचिन वर्मा ने शासकीय महाविद्यालय अमरवाड़ा में आयोजित व्याख्यानमाला में विद्यार्थियों के समक्ष रखे। विगत दिवस शासकीय महाविद्यालय अमरवाड़ा में युवा उत्सव प्रकोष्ठ एवं कॅरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ के तत्वावधान में नाट्य विधा में रोजगार और स्वरोजगार के अवसरों पर व्याख्यान माला का आयोजन किया गया।

इस कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में नाट्य गंगा संस्था के अध्यक्ष एवं रंगमंडल के गुरू रंगकर्मी सी.ए. सचिन वर्मा उपस्थित हुए। सचिन वर्मा ने विद्यार्थियों को हिन्दी भाषा व्याकरण और उच्चारण की अशुद्धियों पर प्रकाश डालते हुए हिन्दी नाटकों और एकांकी की विषयवस्तु और लेखकों पर चर्चा करत हुए उन नाटकों पर मंचन कर रोजगार के हर आयामों पर प्रकाश डाला। साथ ही श्री वर्मा ने बताया कि नाटक न सिर्फ रोजगार तक सीमित है अपितु व्यतित्व विकास में भी अनुशासन, समय और तनाव प्रबंधन में महत्वपूर्ण है।

कार्यक्रम के पश्चात प्रभारी प्राचार्य डॉ. आर.एन. झारिया ने आभार प्रदर्शन किया एवं आगामी समय में महाविद्यालय में रंगकर्म पर आधारित बीस दिवसीय कार्यशाला आयोजित करने का प्रस्ताव रखा। कार्यक्रम प्रभारी ज्योति सूर्यवंशी ने पूरे कार्यक्रम का मंच संचालन किया।

कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ. आर.एन. झारिया, वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. ओमप्रकाश अहिरवार, डॉ. जितेन्द्र झरवड़े, डॉ. पिंकी सूर्यवंशी, डॉ प्रतिभा राजपूत, डॉ. सुषमा पटेल, डॉ. नमिता चौबे, निकिता सोनपुरे, विजय गुर्वे, अभिषेक कादरे, आशीष पहाड़े, अरुण डहेरिया, खुशबू अख्तर, खुशबू विश्वकर्मा उपस्थित थे। साथ ही नाट्यगंगा से दानिश अली, हर्ष डेहरिया और प्रहलाद उइके उपस्थित रहे।



## तीर्थधाम चिदायतन महोत्सव एक दिसम्बर से छिन्दवाड़ा से सम्मिलित होंगे जिनशासन सेवक

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** अहिंसा के प्रणेता 1008 तीर्थंकर महावीर भगवान के शासन काल में आध्यात्मिक सतपुरूष गुरुदेवश्री कानजी स्वामी के तत्व प्रभावना योग में पौराणिक नगरी हस्तिनापुर में अति सुंदर एवं मनोहारी श्री दिगंबर जैन शांतिनाथ जिनालय तीर्थधाम चिदायतन का भव्य निर्माण किया गया। जिसका अंतर्राष्ट्रीय पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव 1 से 6 दिसंबर तक आयोजित किया गया है।

महोत्सव के मीडिया प्रभारी दीपक राज जैन ने बताया कि मंगल महोत्सव में सम्मिलित होकर जिनशासन की मंगल प्रभावना हेतु धर्म नगरी छिंदवाड़ा सहित सम्पूर्ण मध्य प्रदेश एवं भारत के साथ विश्व से हजारों जिनवाणी तत्वरसिक जिनशासन सेवक हस्तिनापुर पहुंच रहे हैं, वें वहां 6 दिनों तक आध्यात्म की गंगा, भक्ति की यमुना एवं सिद्धांत की सरस्वती ऐसी पावन त्रिवेणी में स्नान कर आत्मा से परमात्मा बनने का मार्ग जानेंगे।

### सार समाचार

## कलेक्टर ने राज्य प्रशासनिक अधिकारियों के मध्य कार्य विभाजन कर सौंपे दायित्व


**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह द्वारा जारी संशोधित कार्य विभाजन आदेश के अनुसार पूर्व में जारी आदेश 15 मार्च 2024 और आदेश 07 जून 2024 में आंशिक संशोधन किया गया है। यह संशोधन कार्य सुविधा और प्रशासनिक दक्षता की दृष्टि से किया गया है, जिसके तहत जिले में पदस्थ राज्य प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों को उनके नए दायित्व सौंपे गए हैं।

इसके अंतर्गत संयुक्त कलेक्टर ज्योति ठाकुर को कार्यपालन दंडाधिकारी कार्यों के साथ-साथ भू-अभिलेख, भू-प्रबंधन और भू-अर्जन शाखाओं का प्रभार दिया गया है। इसके अलावा वक्फ बोर्ड, धर्मस्व शाखा और मीसाबंदी संबंधित कार्यों की जिम्मेदारी भी उनके अधीन रहेगी। सामान्य निर्वाचन शाखा, मुख्यमंत्री/मंत्री स्वेच्छानुदान और जनसंपर्क निधि, जिला जनगणना कार्य, रीडर शाखा (कलेक्टर न्यायालय), विभागीय जांच, महालेखाकार के अंकेक्षण और सड़क सुरक्षा समिति जैसे महत्वपूर्ण दायित्व भी उन्हें सौंपे गए हैं। वित्तीय स्वीकृतियों के अंतर्गत उन्हें भू-अभिलेख शाखा और निर्वाचन कार्यों में 50,000 रूपये तक के व्यय की स्वीकृति का अधिकार दिया गया है। साथ ही भू-अभिलेख शाखा के कर्मचारियों के अर्जित अवकाश और 30 दिनों तक की चिकित्सा अवकाश स्वीकृत करने का प्रभार भी उन्हें सौंपा गया है। इसके अतिरिक्त कलेक्टर या अपर कलेक्टर की अनुपस्थिति में ज्ञापन प्राप्त करने और अन्य सौंपे गए प्रशासनिक कार्यों को संभालने की जिम्मेदारी भी दी गई है।

इसी प्रकार डिप्टी कलेक्टर राहुल पटेल को कार्यकारी दंडाधिकारी के रूप में जिम्मेदारी दी गई है। उनके अधीन सामान्य अभिलेखागार, जिला पेंशन कार्यालय, अल्प बचत और कर्मचारी कल्याण शाखाओं का प्रभार रहेगा। उन्हें सी एम हेल्पलाइन, पी जी पोर्टल, जनसुनवाई और शिकायत निवारण कक्ष से संबंधित सभी कार्य सौंपे गए हैं। इसके साथ ही जिला जेल प्रशासन, ड्रग लाइसेंस, खाद्य एवं औषधि प्रशासन और जनसंपर्क कार्यालय का प्रभार भी उनके अधीन होगा। लोकसभा/विधानसभा प्रश्नों का निपटान, मानव अधिकार आयोग, महिला आयोग और अन्य आयोगों से संबंधित कार्य, टी एल बैठकों का समन्वय और समीक्षा कार्य उनके दायित्व में शामिल हैं। वे आवक-जावक शाखा, अल्पसंख्यक कल्याण शाखा, शासकीय महिला एवं पुरुष पॉलिटेक्निक कॉलेज और शहरी विकास अभिकरण की जिम्मेदारी भी संभालेंगे। भ्रष्टाचार शिकायत पेटी में प्राप्त प्रकरणों के निराकरण के साथ ही आधार कार्ड योजना और सिटिजन चार्टर जैसे कार्य भी उन्हें सौंपे गए हैं। अन्य अधिकारियों के प्रभार में कोई बदलाव नहीं किया गया है। यह आदेश जिले में प्रशासनिक कार्यों को सुव्यवस्थित और पारदर्शी बनाने की दृष्टि से जारी किया गया है और यह तत्काल प्रभाव से लागू होगा।

## प्रभारी मंत्री आज कलेक्टर कार्यालय में समीक्षा बैठक लेंगे

## भूमि पूजन व लोकार्पण भी करेंगे



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** मंत्री लोक निर्माण विभाग म.प्र. शासन एवं छिंदवाड़ा जिले के प्रभारी मंत्री जिला छिंदवाड़ा राकेश सिंह 21 नवंबर 2024 गुरूवार को प्रात: 11 बजे कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में विभिन्न विभागीय योजनाओं एवं विकास कार्यो की समीक्षा बैठक लेंगे। इसके बाद प्रभारी मंत्री श्री सिंह लगभग 17.31 करोड़ रूपये लागत के विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन करेंगे। प्रभारी मंत्री श्री सिंह दोपहर 01 बजे लोकार्पण एवं भूमिपूजन कार्यक्रम के अंतर्गत जिले में म.प्र. ग्रह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल संभाग छिंदवाड़ा विभाग के अंतर्गत प्री-मेट्रिक कन्या छात्रावास भवन क्रमांक- 01 एवं 02 कन्या शिक्षा परिसर छिंदवाड़ा में लागत राशि 05 करोड़ रूपये एवं जिले के विकासखंड हर्रई में लोक निर्माण विभाग (भ/स) संभाग छिंदवाड़ा के अंतर्गत भैंसा से मोहनीघाट मार्ग लंबाई. 6.40 कि.मी. के लिये 6.08 करोड़ रूपये लागत के कार्य को मिलाकर कुल 11.08 करोड़ रूपये की लागत राशि के निर्माण कार्यों का लोकार्पण करेंगे। इसी प्रकार प्रभारी मंत्री श्री सिंह द्वारा नगरपालिक निगम छिंदवाड़ा में 6.23 करोड़ रूपये की लागत राशि के मुख्यमंत्री अधोसंरचना विकास कार्य योजना चतुर्थ चरण अंतर्गत सी.सी. एवं बी.टी. रोड सुदृढ़ीकरण के कार्य का भूमिपूजन किया जायेगा। साथ ही 02 लोकार्पण के कार्य और एक भूमिपूजन के कार्य सहित कुल लागत राशि 17.31 करोड़ रूपये के विकास कार्यों का लोकार्पण और भूमिपूजन का कार्य किया जायेगा।

## सीएम हेल्प लाइन शिकायतों के निराकरण में छिन्दवाड़ा जिला ए ग्रेड में

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** राज्य स्तर से आज सीएम हेल्पलाइन शिकायतों के निराकरण में माह अक्टूबर 2024 की ग्रेडिंग जारी कर दी गई है। इस बार छिंदवाड़ा जिला प्रदेश में ए ग्रेड में रहा है।

कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह द्वारा सी एम हेल्पलाइन शिकायतों के संतुष्टिपूर्ण निराकरण पर विशेष जोर दिया जाता है और प्रतिदिन विभागवार व अधिकारीवार इसकी समीक्षा की जाती है। लापरवाही पर कार्यवाही भी की जाती है। इसी प्रकार इस बार जारी रैंकिंग में छिंदवाड़ा पुलिस ने 94.82 प्रतिशत वेटेज स्कोर करते हुए ए ग्रेड के साथ प्रदेश में पहला स्थान प्राप्त किया है। नगर पालिक निगम छिंदवाड़ा ने 99.53 प्रतिशत वेटेज स्कोर करते हुए ए ग्रेड के साथ प्रदेश के सभी नगर निगमों में प्रथम और जिला पंचायत छिंदवाड़ा ने 86.28 प्रतिशत वेटेज स्कोर करते हुए ए ग्रेड के साथ प्रदेश में 15 वां स्थान प्राप्त किया है। कलेक्टर श्री सिंह ने सी.ई.ओ. जिला पंचायत अग्रिम कुमार, पुलिस अधीक्षक व नगर निगम आयुक्त सी.पी. राय सहित ए ग्रेड एवं अच्छी रैंकिंग प्राप्त करने वाले सभी विभागों के अधिकारियों और प्रभारी अधिकारी सी एम हेल्पलाइन संयुक्त कलेक्टर ज्योति ठाकुर को बधाई दी है। साथ ही बी और सी ग्रेड प्राप्त करने वाले विभागों को और मेहनत करने के लिए प्रोत्साहित किया है, जबकि डी ग्रेड में रहे विभागों को कड़ी मेहनत करने के निर्देश दिए हैं।



## अमरवाड़ा में मोबाइल एसोसिएशन के गठन के साथ ही लिए गए अहम निर्णय



**अमरवाड़ा, देशबन्धु।** नगर के सभी मोबाइल रिटेलर, रिचार्ज रिटेलर, मोबाइल विक्रेता की बैठक अमरवाड़ा में संपन्न हुई।

मोबाइल एसोसिएशन अध्यक्ष ने बताया कि बैठक में विक्रेताओं को आने वाली समस्याओं को किस प्रकार हल किया जाए उस पर चर्चा हुई। वहीं बिना बिल के मोबाइल खरीदे न बेचे। सेकेंड हैंड फोन की जांच करके ही मोबाइल ले। यदि चोरी के मोबाइल के लॉक तोड़ने पर उनका बिल और आधार कार्ड अनिवार्यता किया गया। जिसमें चोरी के मोबाइल पर समझ दुकानदार सीधे पुलिस को सूचना कर सकते हैं एवं लगातार मोबाइल से होने वाले दुरुपयोग को लेकर भी रूपरेखा बनाई गई। जिससे साइबर क्राइम इत्यादि क्राइम को रोका जा सकता है एवं पुलिस प्रशासन की मदद की जा सकती है।

समस्त दुकानदारों ने निर्णय लिया कि अपनी-अपनी दुकानों पर सीसीटीवी कैमरा लगाए जिससे अपराधियों पर एवं अन्य घटनाओं पर रोक लगाई जा सके। मोबाइल रिपेयरिंग एवं एसेसरीज का रेट निर्धारित किया गया। बैठक में अध्यक्ष निलेश नेमा, उपाध्यक्ष नरेंद्र मालवीय, सचिव नीरज जैन, सह सचिव अन्नू जैन ओर मीडिया प्रभारी अल्तमश खान, एसोसिएशन के कार्यकर्ता नयन नामदेव, दुर्गेश मोहरे, दीपक विश्वकर्मा सहित समस्त अमरवाड़ा मोबाइल व्यापारी उपस्थित रहे।

## केन्द्रीय विद्यालय क्रमांक- एक में दिव्यांग बच्चों के लिए विशेष बैठक



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** पी एम श्री केंद्रीय विद्यालय क्रमांक- 1 छिंदवाड़ा में गत दिवस विद्यालय में पढ़ रहे विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के अभिभावकों की एक बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक का आयोजन प्राचार्य हरिप्रसाद धारकर के निर्देश पर विद्यालय में कार्यरत सुश्री शानिम उजमा एवं सुश्री निगार अहमद स्पेशल एजुकेटर के द्वारा कराया गया।

प्राचार्य श्री धारकर ने कहा कि इन बच्चों को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा एक सम्मानजनक सम्बोधन दिव्यांग प्रदान किया गया है। वास्तव में इन बच्चों को प्रकृति द्वारा विशिष्ट योग्यता प्रदान की गई है और उन्हें समाज की मुख्यधारा में शामिल किया जाना चाहिए। इसी विचार को ध्यान में रखते हुए इन बच्चों के प्रवेश के लिए केन्द्रीय विद्यालय संगठन द्वारा विशेष व्यवस्था की गई है। इस बैठक में विशेष आवश्यकता वाले बच्चों की स्थिति के बारे में उनके अभिभावकों को जागरूक करने तथा उनकी स्थिति में सुधार लाने की प्रक्रिया, उनके विकास के लिए सहज एवं सुगम तरीके तथा उनके सर्वांगीण विकास के लिए उनके अभिभावकों को जागरूक किया गया। इसके साथ ही सरकार द्वारा प्रदत्त सुविधाओं की जानकारी भी अभिभावकों को दी गई। इस बैठक में बच्चों को आने वाली चुनौतियों एवं सुविधाओं के बारे में भी चर्चा की गई तथा उनके निवारण के लिये समाधान भी अभिभावकों को सुझाए गए। इस बैठक में कम्प्यूटर इंस्ट्रक्टर विकास साहू एवं दीपक डोंगरे का भी महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## एबीवीपी का संगठन मंत्री चला रहा विश्वविद्यालय एवं पी जी कॉलेज : अजय



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** जिले के सबसे बड़े शैक्षणिक संस्थाओं की कमान प्रशासन अधिकारियों के हाथों से निकलकर अब भाजपा के हाथों आ चुकी है। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एवीबीपी) जैसे संगठन के संगठन मंत्री तय कर रहे हैं कि कॉलेज परिसर में क्या होगा और क्या नहीं होगा। उन्हीं के सामने पुलिस और प्रशासनिक अमला नतमस्तक हो चुका है। उक्त उदगार आज कांग्रेस के छात्र संगठन एनएसयूआई जिलाध्यक्ष अजय सिंह ठाकुर ने जारी प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से व्यक्त किए।

अजय सिंह ठाकुर ने जारी बयान में कहा कि जिले को मेडिकल कॉलेज, विश्वविद्यालय सहित सर्वाधिक केन्द्रीय विद्यालय, स्किल सेंटर व प्रत्येक ब्लॉक में कॉलेज से लेकर अन्य शैक्षणिक संस्थान देने वाले विकास पुरूष कमलनाथ के जन्मदिन पर पी जी कॉलेज परिसर में एनएसयूआई वर्षों से केक काटते आ रही है। इस बार एनएसयूआई ने केक काटा तो भाजपा के दबाव में पुलिस ने एनएसयूआई के पदाधिकारियों को हिरासत में ले लिया। पुलिस की यह कार्रवाई भाजपा की ओछी मानसिकता को प्रदर्शित कर रही है। यही नहीं पुलिस और प्रशासन किस तरह भाजपा के सामने नतमस्तक हो चुका है इसका भी प्रत्यक्ष उदाहरण सामने आ चुका है। एनएसयूआई के द्वारा जब धरमटेकड़ी पुलिस चौकी के सामने धरना दिया गया तब पुलिस ने समस्त पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं को रिहा किया।

पुलिस और प्रशासन पूरी तरह से अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के एक संगठन मंत्री के इशारों पर काम कर रहा है। अपनी नैतिक जिम्मेदारियों को भूलकर पी जी कॉलेज व छिन्दवाड़ा विश्वविद्यालय का सम्पूर्ण स्टॉफ एक अनाधिकृत व्यक्ति की दखल अंदाजी को लगातार बर्दाश्त करते हुये उसके हाथों की कठपुतली बनकर काम कर रहा है। शासकीय शैक्षणिक संस्थान से अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के संगठन मंत्री को सम्पूर्ण सुख सुविधाएं उपलब्ध कराई जाना विद्यार्थियों की फीस के रुपयों की खुली बर्बादी है।

## गोवंश तस्करी में जब्त 16 वाहन राजसात

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी छिंदवाड़ा शीलेन्द्र सिंह द्वारा 16 गौ-वंशों के अवैध परिवहन में जप्तसुदा वाहनों पर राजसात की कार्यवाही की गई।



इसके अंतर्गत धारा 4, 6, 9, मध्यप्रदेश गौवंश वध प्रतिषेध अधिनियम 2004, 11 पशु क्रूरता निवारण अधिनियम 1960, 4, 6, 6 क, 6 (ख) (1) 11 म.प्र. कृषक पशु परिरक्षण अधिनियम 66/192 मोटर व्हीकल एक्ट के अंतर्गत गौ-वंश के अवैध परिवहन में जप्तसुदा वाहनों पर कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकरी छिन्दवाड़ा शीलेन्द्र सिंह द्वारा मध्यप्रदेश गौ-वंश वध प्रतिषेध संशोधन अधिनियम 2010 की धारा 11 (5)-4, 5, 6, 6-क और 6 ख के उल्लंघन किये जाने पर जप्तशुदा वाहन क्रमांक सी.एच.-04 एन.जेड.-1776 सुमुख ठाकुर, एम.पी.-28-जी-5538 स्वामी उईके, एम.पी.-15-जी-3667 जितेन्द्र राय, एम.एच.-29-टी-2003 मोहम्मद फिरोज, एम.पी.-05-जी-8513 रामचरण अहिरवार, एम.पी.-22-एच.-0509 राजू वर्मा, एम.पी.-15-जी-4716 गनपत साहू, एम.एच.-02-जे.पी.-3042 सागर पछाड़े, आर.जे.-11-जी.सी- 7236 अली हुसैन, सी.जी.-04-जे.बी.-1573 व एम.एच.-18-एच.ई.-8813 जामालउद्दीन एवं समशुद्दीन, एम.एच.-40-वाय-8274 महेन्द्र बारापात्रे, एम.पी.-04-एच.ई.-9664 एजाज कुरैशी, डी.डी.-01-एच- 4914 सौरभ खान, एम.एच.- 04-सी.जे.-3205 सद्दाम खान, एम.पी.-49-जी.-1656 विमलेश के वाहन पर राजसात की कार्यवाही की गई है।